आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय माधवाटांड में नवरात्रि कार्यक्रम

रांची एक्सप्रेस संवाददाता जयनगर प्रखण्ड के सी. बी एस ई नई दिल्ली से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय में शारदीय नवरात्रि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य पुनीत यादव ने शक्ति की उपासक मां दुर्गा की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पूजन कर किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्राओं ने मां दुर्गा की भक्ति गीत प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय कर दिया। साथ ही साथ वर्षा कुमारी, स्वीटी कुमारी, रोशनी, यश कुमार, और प्रियांशु ने नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आकर्षित कर दिया। इस नवरात्रि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य पुनीत यादव ने कहा कि यह नवरात्रि का त्यौहार दुर्गापूजा असत्य पर सत्य, अन्याय पर न्याय की विजय और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला त्यौहार है उन्होंने अपने क्षेत्र के लोगों को शान्ति पूर्वक और भाईचारे से त्यौहार मनाने की अपील की। कार्यक्रम को वाइस प्रिंसिपल रवींद्र कुमार रवि , विद्यालय के प्रशासक दीपक कुमार और कॉन्टिनेटर महेन्द्र कुमार राणा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्राचार्य अर्जुन चन्द्र यादव, वरिष्ठशिक्षक गोपाल कुमार यादव, सीताराम यादव, शाहिद हुसैन, शमशेर आलम, सनोज कुमार, मुकेश राणा, पप्पु कुमार, रंजीत कुमार यादव, पंकज कुमार साव, केदार यादव, लक्ष्मण चन्द्र यादव, मिथलेश पांडेय, रामचंद्र यादव, बिट्टू कुमार, इस्तियाक अंसारी, नीलम प्रभा, रिंकी देवी, सुनिता कुमारी, जन्नत परवीन, पम्मी राय , खुशबू कुमारी आदि शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

6 लोगों की हत्या के आरोपी को फांसी की सजा, 10000 रू. जुर्माना भी लगाया

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा– अपने ही परिवार के 6 लोगों की निर्मम हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने मंगलवार को आरोपी गौगी दास 30 वर्ष, पिता स्वर्गीय छोटन दास, मसमोहना, नवलशाही, जिला -, कोडरमा निवासी को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए न्यायालय ने फांसी की सजा सुनाई। साथ ही ?10000 जुर्माना लगाया। मामला वर्ष 26-11-2019 का है । इसे लेकर नवलशाही थाना में मदन दास, पिता- मनु दास मसमोहना, थाना- नवलशाही, जिला- कोडरमा निवासी ने मामला दर्ज कराया था

अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया । कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए पीपी एंजेलिना वारला एवं एपीपी मनोज मौर्य ने न्यायालय से अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा

देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से डिप्टी चीफ एलएडीसी किरण कुमारी ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाया, साथ ही इस मामले को अति गंभीर , अति क्रूर एवं दुर्लभतम हत्या की श्रेणी में मानते हुए फांसी की सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

मामला कोडरमा– इसे लेकर मदन दास ने थाना में मामला दर्ज कराया था। थाना को दिए आवेदन में श्री दास ने कहा था कि 26- 11- 2019 की रात्रि करीब वह खाना खाकर सो गया था । रात्रि करीब 9-45 बजे मेरा पड़ोसी गाँगी दास शराब के नशे में दूध होकर हाथ में बड़ा सा चाकू और रड लेकर आया और पत्नी शीला देवी से झगड़ा कर रहा था और गुस्से में आकर उसने अपनी पत्नी को चाकू और रड से मार दिया। वही अपनी पुत्री राधिका कुमारी 4 वर्ष एवं पुत्र पीयूष कुमार 2 वर्ष को भी चाकू और रड से मार दिया जिससे घटनास्थल पर ही राधिका कुमारी एवं पीयूष कुमार की मौत हो गई। हल्ला सुनकर जब उसकी मां मसोमात शांति देवी बचाने आई तो उसे भी रड व चाकू से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं अपने भतीजी चांदनी कुमारी व नीतिका कुमारी को भी थगाणी दास ने रड एवं चाकू से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हल्ला सुनकर जब आप-पास के लोग वहां जुटे तो वह एक रूम में जाकर दरवाजा बंद कर लिया और खुलवाने का प्रयास करने पर लोगों को जान से मारने की धमकी देने लगा। तत्काल एंबुलेंस बुलाकर घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया। जहां गाँगी दास की पत्नी शीला देवी एवं उसके गर्भ में में पल रहा 7 माह का बच्चा, मां, मसोमात शांति देवी, एवं भतीजी नीतिका कुमारी 7 वर्ष की मौत सदर अस्पताल में हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल चांदनी कुमारी को बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया।

कैबिनेट के द्वारा नियमावली में संशोधन सिर्फ लॉलीपॉप है : संजय पासवान

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया - 8 सूत्री मांगों को लेकर 05 अक्टूबर से जारी सेविका सहायिका की बेमियादी हड़ताल जारी रखने का आह्वान किया गया है। यह निर्णय बुधवार को ब्लॉक परिसर, झुमरी तिलैया में झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) की जिला स्तरीय बैठक में लिया गया। मालूम हो कि मंगलवार देर रात को झारखंड सरकार की कैबिनेट बैठक में आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं के नियमावली में संशोधन करने का प्रस्ताव लिया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि झारखंड सरकार की कैबिनेट ने नियमावली में संशोधन का जो प्रस्ताव पारित किया गया है। वह सेविका सहायिकाओं के लिए सिर्फ लॉलीपॉप है। हर साल मानदेय बढ़ाने की प्रक्रिया सरल करने और जुलाई 2023 से एरियर के साथ लागू करने और अनुकम्पा

में बहुलता शब्द को हटा दिया गया हैजो कि नाकाफी है। सेविका सहायिकाओं की आठ सूत्री मांगों में वेतनमान देने, सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ग्रेच्युटी देने, रिटायमेंट के बाद सेविका को 10 लाख एवं सहायिका को 5 लाख एकमुश्त राशि देने, वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन देने और मार्केट रेट पर पोषाहार राशि देने की प्रमुख मांग शामिल है। जिस पर कोई विचार नहीं किया गया है, सेविका सहायिका में काफी रोष है। इसलिए कैबिनेट का प्रस्ताव का विभाग द्वारा लिखित आदेश जारी होने और उसका अध्ययन करने के बाद ही दुर्गापूजा के बाद आगे की आंदोलन की घोषणा की जाएगी। तब तक हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि इस बार झारखंड सरकार के झांसे में नहीं आने वाले हैं। हमारा संघर्ष जारी रहेगा. बैठक को जिला संयुक्त सचिव संतोषी कुमारी, कविता यादव, शकुन्तला मेहता, मंजू मेहता, बेबी देवी, गुंजा कुमारी, सुरेन्द्र पाण्डेय ने भी संबोधित किया. जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद ने की। बैठक में नीलम यादव, कुमारी अनामिका, विमला देवी, हीना, कंचन देवी, संध्या वर्णवाल, सुमैया जमीर, संतोषी देवी, रानी, संध्या, उमा मोदी, रामदुलारी, सरवरी खातुन, रेखा रजक, पिंकी, चमेली, मनीषा, नूतन सिहं, रेश्मा, फरीदा, फिरोजा, तर्रनुम, उषा, कोमन, जैनब, ललिता, मीना एक्का, संगीता, गीता, साजदा, मंजू, अनीता, सुमा बिरहोरनी, मालीन बिरहोरनी, गीता, आशा, अंजली, मुखर्जी, विभा, सुषमा, पुनम, निशा, गायत्री, प्रमीला, कुंती, बबीता, बसंती, सबिता, सुमा, रीता, मंजू बाला, कांति, सफीना, कुमारी दिप्ती, रिजवान, मुन्ना रजक सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

एसपी ने कंधा बैच पहनाकर नव प्रोन्नत 66 सहायक अवर निरीक्षकों को किया सम्मानित

गुमला = पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने आज सहायक अवर निरीक्षक के पद पर नव प्रोन्नत 66 पुलिस कर्मियों को कंधा बैच पहना कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि साक्षर आरक्षी से इन्हें प्रोन्नति मिली है। एसपी श्री सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी । इस मौके पर डीएसपी,एसडीपीओ, थाना प्रभारी समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

चैनपुर में एसएसबी के जवानों ने चलाया स्वच्छता अभियान,अपने नगर को स्वच्छ बनाने की लोगों से की अपील

चैनपुर (गुमला) =सशस्त्र सीमा बल 32वीं वाहिनी गुमला के कमांडेंट के निर्देशानुसार असिस्टेंट कमांडेंट अपूर्व आनंद के दिशा-निर्देश पर चैनपुर एसएसबी कैंप के उपनिरीक्षक रवि कुमार धानका के द्वारा चैनपुर मुख्यालय के कन्या मध्य विद्यालय में एस एस बी के जवानों ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान चलाया एवं लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।सफाई अभियान को देखकर लोगों ने भी एस एस बी कंपनी का आभार प्रकट किया । मौके पर उपनिरीक्षक रवि कुमार धानका ने बताया कि शहर एवं मुहल्ले को स्वच्छ रखना हम सभी लोगों की जिम्मेदारी है। आप हमेशा अपने घर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखें। गंदगी का अंबार लगने से शहर का वातावरण प्रदूषित तो होता ही है साथ में गंदगी से कई प्रकार की बीमारियांफैलने का भी खतरा बना रहता है।इसलिए हम सभी आमजनों का फर्ज है कि अपने आस पास के क्षेत्रों को हमेशा स्वच्छ बनाए रखें । अपने घर , दुकान का जमा कचड़ा हमेशा कूड़ादान में ही डालें और अपने पड़ोस के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें । तभी हमारे देश में स्वच्छ भारत मिशन का अभियान सफल हो पाएगा।इस मौके पर मुख्य अमित कुमार सिंह, शैलेश कुमार यादव, सहित एस एस बी के जवान मौजूद थे।

डुमरी के मंझगांव पंचायत के महुआडीह गांव में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

डुमरी (गुमला) = डुमरी प्रखंड के मंझगांव पंचायत के महुआडीह गांव में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डुमरी प्रखण्ड प्रमुख जीवंती एक्का उपस्थित थी । वही विशिष्ट अतिथि के रूप में मझगांव पंचायत की मुखिया ज्योति बहेर , एसआई मनोज कुमार ,आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह गुमला विधानसभा प्रभारी बोनीफास कुजूर उपस्थित हुए। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख जीवंती एक्का ने कहा कि मैं अंचलअधिकारी, कर्मचारी, और अन्य लोगो को दिल से धन्यवाद देता हूं । जिनके सहयोग से वन पट्टा मिला है । हम सभी को तो वन पट्टा मिल गया है, लेकिन उसका उपयोग हमें किस तरह से करना है उसकी जानकारी होना बहुत जरुरी है। वन को बचाना हमारा पहला कर्तव्य है । हम सभी मिल कर वन को जरूर बचाए । तभी हमें वन पट्टा मिलने का लाभ होगे। बोनीफास कुजूर ने कहा कि पेड़ पौधे हमारे लिए कितने महत्वपूर्ण है यह हम सब जानते हैं ।फिर भी हम अपने जरूरत के लिए इसे काट देते हैं और पर्यावरण के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं । इसी वजह से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ रही है । अगर ऐसा ही चला रहा तो पूरे संसार में बहुत खराब स्थिति आ जाएगी और हमें सांस लेना भी मुश्किल हो जाएगा ।इसलिए हम सभी ग्रामीण मिलकर एक स्लोगन के तौर पर शपथ लेते हैं कि ÷पेड़ पौधे कर रहें पुकार देते हम वर्षा की बौछार ÷आओ करें वृक्षों का संरक्षण यही हमारे भविष्य का संरक्षण ÷पेड़ से वायु वायु से आयु । इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्टॉल लगाया गया।मौके पर काफी संख्या महिला - पुरुष उपस्थित थे।

गैर जाट वोटों का ध्रुवीकरण, उम्मीदवारों का चयन, हरियाणा में भाजपा की जीत के 5 फैक्टर

नईदिल्ली, एजेंसी। हरियाणा चुनाव के नतीजों ने एग्जिट पोल की तमामत भविष्यवाणियों को झुठला दिया। भाजपा 48 सीटों पर जीत दर्ज करके लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। भाजपा को पिछले चुनाव में 40 सीटों से संतोष करना पड़ा था। सरकार बनाने के लिए उसे गठबंधन करना पड़ा था। तमाम एग्जिट पोल में कांग्रेस की जितनी शानदार जीत का अनुमान लगाया गया था, नतीजे इसके उलट रहे। अब भाजपा की जीत के कारणों पर चर्चा होने लगी है। पीएम मोदी की लोकप्रियता, भाजपा की सधी हुई रणनीति, ऐसे तमाम पहलुओं पर चर्चा की जा रही है। आइए जानते हैं कि भाजपा की इस ऐतिहासिक जीत के 5 बड़े कारण क्या-क्या रहे। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हरियाणा में भाजपा की रणनीति 2014 से ही स्पष्ट है। उस चुनाव में भगवा पार्टी चार से अचानक 47 सीटों पर पहुंच गई थी। भाजपा ने पंजाबी खत्री मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री नियुक्त किया था। पार्टी ने ओबीसी वोट को सुरक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया, जो कि आबादी का लगभग 40 प्रतिशत है। इस साल मार्च में नायब सिंह सैनी को खट्टर की जगह सीएम बना दिया गया, जो कि ओबीसी समुदाय से आते हैं। चुनाव के दौरान भी भाजपा ने सैनी की सीएम कैंडिडेट बताया।हरियाणा की राजनीति में मुख्यमंत्री अक्सर उच्च जाति के जाट समुदाय से होते थे। हरियाणा में इनकी आबादी महज 25 प्रतिशत है।

दोस्तों के साथ घुमने जा रहे बाइक सवार युवक को ट्रक ने कुचला, मौत

बिशुनपुर (गुमला) =बिशुनपुर थाना क्षेत्र के मंजीरा स्थित जाम मोड़ के समीप घाघरा थाना क्षेत्र के तुंजी हुटार गांव निवासी विकास उरांव (20) को एक बॉक्साइट ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया । जिससे मौके पर ही युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार विकास उरांव अपने तीन दोस्तों के साथ दो मोटरसाइकिल से घाघरा से अपने दोस्त रवि उरांव का ससुराल चापाटोली आ रहा था। तभी जाम मोड़ के पास तीखे मोड में सामने से एक ट्रक को आते देख वह घबड़ा गया और मोटरसाइकिल दूसरी छोर करते हुए डेड ब्रेक मारा । इसी क्रम में पीछे से आ रहे एक बॉक्साइट खाली ट्रक ने उसे अपने चपेट ले लिया और बाइक समेत उसे घसीटते हुए 20 फीट दूर ले गया । घटना

में मोटरसाइकिल ट्रक के नीचेफंस गया । जबकि विकास उरांव ट्रक के पिछले टायर में दब गया और उसकी मौत हो गई। पीछे से अपाची बाइक में आ रहे हैं उसके दो अन्य दोस्तों ने इस घटना की सूचना परिजनोंऔर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया । जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर लिखे जाने तक मृतक के परिजन नहीं पहुंचे थे । शव अस्पताल में ही पड़ा हुआ था । थाना एसआई वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि परिजन के आते ही पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर भेजा जाएगा। इधर ट्रक में फंसे इस दूरय को जिन लोगों ने भी देखा, सब सहम उठे।

पावरग्रिड
POWERGRID

1 सीईआरसी (व्ययसस्था का संचालन) विनियम 1999 और सीईआरसी (टैरिफ के नियम और शर्तें) विनियम 2019 के विनियमन -86 के तहत अनुमोदन ।) 2019-24 टैरिफ ब्लॉक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ का दृष्टांत और ।।) 2024 के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ का निर्धारण याचिका-1 के लिए -29 टैरिफ ब्लॉक: पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र में ओडिशा में चरण-।। उत्पादन परियोजनाओं के लिए सामान्य ट्रांसमिशन सिस्टम के तहत टीबीसीबी लाइनों से जुड़े पावरग्रिड कार्यों के तहत संयुक्त संपत्ति, याचिका-2: भारत और बांग्लादेश विद्युत ग्रिड के बीच इंटरकनेक्शन पूर्वी क्षेत्र में भारत भाग.

2 पूर्वी क्षेत्र में उपर्युक्त ट्रांसमिशन सिस्टम के लाभार्थी हैं ।) बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, II) पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, III) ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ उड़ीसा लिमिटेड, IV) दामोदर वैली कॉर्पोरेशन, V) बिजली विभाग, सरकार: सिक्किम की, VI)झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड। VII) बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड, ढाका केवल याचिका-1 के लिए (1 से 6 लाभार्थियों के साथ) VIII) मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, जबलपुर (IX) मध्य प्रदेश औद्योगिक केंद्र विकास निगम (इदौर) लिमिटेड, इंदौर (X) गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, वड़ोदरा, (xi) बिजली विभाग, चंडा सरकार, पनवाड़ी, (xii) महाराष्ट्र राज्य बिजली वितरण कंपनी लिमिटेड वितरण कंपनी लिमिटेड, रायपुर। (XV) ओडिशा जेनरेशन चरण- II ट्रांसमिशन लिमिटेड (ओजीपीटीएल), नई दिल्ली

3 टैरिफ विवरण

ए) 2019-24 ब्लॉक — रु. लाखों में

याचिका सं.	संपत्ति विवरण	DOCO ECOD	समापन लागत 31.03.2024 तक		2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
याचिका -1	याचिका 400 केवी डी/सी बालागुरु-भोजासा ट्रांसमिशन लाइन, बालागुरु में 400 केवी एसएमी चन्का-नीता ट्रांसमिशन लाइन का #LILO और 01 ब्वा। बालागुरु में 80 एमवीएआर क्वाड रिएक्टर और संबंधित लाइन बेयस और रिएक्टर बेयस पर	01.09.13	14057.44	तोलीकि लागतों आवंटित (CAEC) - 101	2,198.85	2,131.28	2,071.82	2,019.11	1,972.01
याचिका -2	संयुक्त याचिका	07.04.19	13616.62	तोलीकि लागतों आवंटित (CAEC) - 101	2402.67	2484.17	2446.37	2450.87	2467.76

बी) 2019-29 ब्लॉक — रु. लाखों में

	संपत्ति विवरण	समापन लागत 31.03.2024 तक		2024-25	2025-26	2026-27	2027-28	2028-29
	400 केवी डी/सी बालागुरु-भोजासा ट्रांसमिशन लाइन, बालागुरु में 400 केवी एसएमी चन्का-नीता ट्रांसमिशन लाइन का #LILO और 01 ब्वा। बालागुरु में 80 एमवीएआर क्वाड रिएक्टर और संबंधित लाइन बेयस और रिएक्टर बेयस	14057.44	(लागतों)	1,890.64	1,832.74	1,386.93	1,369.58	1,354.83
याचिका -2	संयुक्त संपत्ति	13616.62	लागतों	2612.87	2578.87	2529.31	2503.54	2437.86

4. इस नोटिस और टैरिफ के निर्धारण के लिए किए गए आवेदन की एक प्रति वहां फोल्ड की गई है आवेदक की वेबसाइट www.powergrid.in.

5. आवेदन में समाहित टैरिफ के निर्धारण के प्रस्तावों पर सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हों, लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा सचिव, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, ओसी, 7वीं और 8वीं मंजिल, टावर बी, चन्द्रलोक के समक्ष दायर की जा सकती है। ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली - 110029 (या अन्य पता जहां आयोग का कार्यालय स्थित है)। इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर आवेदक को उसके कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर एक प्रति भेजें।

स्थान: गुरुग्राम
दिनांक: 09.10.2024

एसडी/-
उप. महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

PWCL/Notice-90/Advt-1/2024-25/Nirman

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
रजि. कार्यालय: बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली - 110 016। कॉर्पोरेट कार्यालय: सौदामिनी , प्लॉट नंबर 2, सेक्टर 29, गुरुग्राम - 122 001 CIN: L40101DL1989GOI038121
A Maharatna PSU

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड.
पंजीकृत कार्यालय: 501, सात्कॉर ऑरम, जसोला जिला केंद्र, नई दिल्ली - 110025
CIN :65990DL2020PLC366027

नीलामी सूचना

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक से उनके द्वारा लिए गए गोल्ड लोन को बैंक द्वारा जारी किए गए व्यक्तिगत नोटिस सहित विभिन्न मांगों और नोटिसों के बावजूद समायोजित नहीं किया गया है। सभी उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास सुरक्षा के रूप में रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार 23.10.2024 को दोपहर 03:00 बजे उस शाखा परिसर में नीलामी की तारीख तय की गई है जहां से ऋण लिया गया था। नीलामी के नियमों और शर्तों के अनुसार, उधारकर्ताओं, खाताधारकों और आम जनता सहित सभी लोग इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

शाखा	खाता नंबर	खाताधारक का नाम	पिता/पति/पत्नी का नाम	पता	ऋण खोलने की तिथि	मूलधन रु.
इंदिरापुरम	101942517818	सौरव बनर्जी	पुत्र उत्तम कुमार	गांधी रोड, समरती मैल कंपनी के पास, धनबाद झारखंड 826001	06/06/2024	52092.17

नीलामी तिथि 23.10.2024 अपराह्न 03: 00 बजे है।

बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड।